आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
25.08.2024 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों से देश के युवाओं को बहुत फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस महीने की 23 तारीख को देशवासियों ने पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चंद्रयान–3 की सफलता के जश्न के रूप में मनाया। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल 23 अगस्त को चंद्रयान–3 ने चंद्रमा के दक्षिणी भाग शिव–शक्ति बिंदु पर सफल लैंडिंग की थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान स्पेस सेक्टर में स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं से बातचीत भी की। श्री मोदी ने मन की बात के माध्यम से युवाओं से विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए देश के पॉलिटिकल सिस्टम से जुडने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस साल लालकिले से उन्होंने गैर राजनैतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनैतिक क्षेत्र से जुडने का आह्वान किया था। इसके बाद बहुत सारे युवाओं ने प्रतिक्रियाएं दी और वे राजनीति में आने के लिए उत्सुक है तथा सही मौके और मार्गदर्शन की तलाश कर रहे है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों के जीवन में फिटनेस बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने फिट रहने के लिए लोगों को अपने खान–पान और जीवनशैली पर ध्यान देने को कहा। श्री मोदी ने लोगों से सुपरफूड यानी मोटा अनाज को अपने रोजमर्रा के भोजन में शामिल करने को भी कहा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों की अच्छी सेहत के लिये जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे। बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। श्री मोदी ने कहा, हर साल देश में पोषण माह मनाया जाता है। पिछले वर्ष पोषण अभियान को नई शिक्षा नीति से भी जोड़ा गया है। उन्होंने इस अभियान से जुडने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान में देशवासियों द्वारा दिखाये गये उत्साह पर कहा कि इस अभियान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। श्री मोदी ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगों से पर्यावरण संरक्षण की भी बात कही। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आगामी त्यौहारों –जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ओणम, मिलाद–उन–नबी और तेलुगु भाषा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगामी दिनों में शुरू हो रहे पेरिस पैरालंपिक खेलों में भाग लेने जा रहे खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिए हेश टेग चियर फॉर भारत के साथ खिलाडियों का प्रोत्साहन करने को कहा। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने को लेकर प्रदेशभर में खासा उत्साह देखा गया।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के हीरक जयंती समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। प्रधानमंत्री, उच्च न्यायालय संग्रहालय का उद्घाटन भी करेंगे। समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े विशिष्ट अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सहित सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश इस दौरान मौजूद रहेंगे। समारोह में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जस्टिस जीआर मूलचंदानी भी शिरकत करेंगे।

0000

जयपुर में प्रेस क्लब में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश की 22 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। ये महिलाएं शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी है। कार्यक्रम में महिला और बाल विकास मंत्री मंजू बाघमार मुख्य अतिथि रही। आकाशवाणी केन्द्र जयपुर के पूर्व निदेशक इकराम राजस्थानी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

00000